

# चंडीगढ़ का युवराज अंतरराष्ट्रीय मंच पर चमका

केन्द्रीय विद्यालय सेक्टर-47 के छात्र युवराज ने सिंगापुर इंटरनेशनल मैथमेटिक्स ओलंपियाड चैलेंज (SIMOC) में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए कांस्य पदक अर्जित किया। इस अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में कई देशों के प्रतिभागियों के बीच मुकाबला हुआ, जहां युवराज ने अपनी गणितीय प्रतिभा और तार्किक क्षमता का लोहा मनवाया।